तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 बरकई में कृषकों ने जाना ड्रोन द्वारा कृषि का तरीका...



11 अभिमत दे, किसी भी प्रकार की हड़ताल की आवश्यकता ...



## खबर संक्षेप



### बस्तर में नई शिक्षा नीति लागू करने एबीवीपी ने की मांग

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बस्तर जिले के जगदलपुर इकाई ने बुधवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रदेश सहमंत्री, जिला संयोजक शैलेष ध्रुव ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय एवं प्रदेश भर के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में लागू हो चूंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 29 जुलाई 2020 को भारत सरकार की कैबिनेट द्वारा पारित की गई थी। जो की संपूर्ण देश में केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी (यूजीसी)एवं शिक्षा मंत्रालय के संस्तुती के आधार पर लागू की गई थी। केंद्र सरकार के आदेश के बाद भी पूर्व छत्तीसगढ़ शासन राजनीतिक करणों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में लागू नहीं किया। जिसके कारण से हमारा प्रदेश लगातार शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने से शिक्षा के क्षेत्र में निःसंदेह कीर्तिमान स्थापित होगा। शिक्षा के क्षेत्र में नया नया द्वार खुलेगा। इस दौरान परिवेद, अश्विन, कितेश, प्रशांत, नवीन पटेल, मयंक, कोमेश, रौशन समेत अन्य अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एयर ओडिशा भरेगी 4 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में एअर ओडिशा को आवेदक को बुक कराए गए टिकट की 4000 रुपए क्षतिपूर्ति एवं 10 हजार रुपए का जुर्माना दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। उक्त आदेश



आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर निवासी अवधेश चंद्र शुक्ला ने एअर ओडिशा के माध्यम से विशाखापट्टनम से जगदलपुर आने हेतु फ्लाइट की दो टिकट बुक करवाई थी। अचानक यात्रा के दिन एअर ओडिशा द्वारा उक्त फ्लाइट को रद्द कर दिया गया था, जिस पर आवेदक द्वारा एयर ओडिशा से अपने पैसों की मांग किए जाने पर उनके द्वारा राशि वापस अदा नहीं की गई थी। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि एअर ओडिशा द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के फ्लाइट को रद्द कर तथा आवेदक को उसके द्वारा बुक कराए गए टिकट की राशि वापस न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु एअर ओडिशा को 10 हजार के जुर्माने से भी दंडित किया गया है।

### दो दिनों तक पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस जगदलपुर तक चलेगी

**जगदलपुर।** किरन्दुल से कोरापुट और विशाखापटनम से कोरापुट तक केके लाइन में युद्ध स्तर पर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य चल रहा है। इस कार्य के निष्पादन के लिए समय-समय पर नान इंटर लॉकिंग कार्य किए जाने से ओएचई ब्रेक डाउन लेने से ट्रेनों का परिचालन रोका जाता है। कारण केके लाइन किरन्दुल से विशाखापटनम तक 425 किमी सम्पूर्ण विद्युत लाइन से लैस है। कार्य के दौरान पटरी के ऊपर दौड़ रही हजारों वाट करेंट खतरे से बचने सुरक्षा के मद्देनजर ब्लॉक लेने आवश्यक है। इन दिनों दंतेवाड़ा से कामलूर स्टेशन के मध्य लगभग शेष पेज 10 पर

# इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में नए सिरे से बाघों की होगी गणना


## गणना के लिए वन विभाग की 80 सदस्यीय टीम को दी जा रही ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

देश भर के टाइगर रिजर्व की ताजा रैंकिंग में इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के पिछड़ने के बाद यहां नए सिरे से बाघों की गणना शुरू होने वाली है। नक्सली इलाका इंद्रावती टाइगर रिजर्व पार्क में वन विभाग के लगभग 80 सदस्यीय टीम को ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में गणना शुरू की जाएगी। इसके अलावा बाघ की गणना के लिए आसपास के लगभग 25 गांवों के 50 स्थानीय ग्रामीणों को भी तैयार किया जा रहा है। पार्क प्रबंधन के अनुसार यह गणना जनवरी मध्य से शुरू होकर फरवरी के अंतिम सप्ताह तक चलेगी। बाघों की गणना के लिए वाइल्ड लाइफ देहरादून के विशेषज्ञों की टीम पहुंच रही है। वर्तमान में इस राष्ट्रीय उद्यान में 7 से 8 बाघ होने की पुष्टि हुई है। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना के लिए टीम ग्रामीणों के साथ मिलकर जंगल में बाघों के रहवास वाले इलाके में जाकर उनके काम करेगी। इसके अलावा टीम एक फामूर्ला पर काम करेगी, जिसके अनुसार बाघ की दहाड़ के इलाके, मल और पंजों के निशान का पता लगाकर और कहां-कहां पेड़ में पंजे के निशान मिले है। इसके अलावा बाघ के होने की संभावित क्षेत्र में 21 दिनों तक कैमरा लगा कर शेष पेज 10 पर





### विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के डीएफओ संदीप बल्गा ने बताया कि इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में जनवरी के अंतिम सप्ताह से बाघों के गणना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, इसके लिए सभी तैयारी की जा रही है। इसके लिए देश के कई स्थानों से विशेषज्ञों की टीम पहुंच रही है। इस गणना से बहुत जल्द ही इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की संख्या स्पष्ट हो सकेगी।

## सीआरपीएफ को चाहिए जवानों के लिए आवास व अन्य सुविधाओं के लिए 50 एकड़ जमीन

# जवानों के लिए सर्वसुविधायुक्त मार्डन सिटी व ट्रेनिंग सेंटर बनाने जमीन की तलाश

राजेश दास/सुरेश सिंह ⏭ जगदलपुर

खास खबर

जवानों की सुविधा के लिए जल्द ही बस्तर में सर्वसुविधायुक्त मार्डन सिटी का निर्माण किया जाएगा। हालांकि अभी जमीन की तलाश पूरी नहीं हुई है। सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी एसएल थाउसेन ने कुछ दिन पूर्व बस्तर के अलग अलग जिलों का प्रवास किया था इसी के बाद जवानों के लिए सर्वसुविधायुक्त आवास व ट्रेनिंग सेंटर के लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है।

- दरभा, डिलमिली, केशापुर, कोयपाल व लेण्ड्रा में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व अपने प्रवास के दौरान उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित कई कैम्पों (फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस) का भ्रमण किया था। इस दौरान उन्होंने सेड़वा स्थित 241 बस्तरिया बटालियन के हेडक्वार्टर पहुंचकर निरीक्षण व जवानों से चर्चा की थी।

दो दिन पूर्व सीआरपीएफ डीआईजी हरजिंदर सिंग, 241 बस्तरिया बटालियन कमाण्डेंट पदमा कुमार ए के अलावा राजस्व व सीआरपीएफ के अधिकारियों ने दरभा क्षेत्र में जमीन की तलाश करते हुए कई गावों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दरभा व कोलेंग के बीच, डिलमिली, केशापुर, कोयपाल व लेण्ड्रा के बीच जमीन का निरीक्षण किया। जमीन की तलाश कर रही सीआरपीएफ अब जल्द किसी जगह जमीन का चयन करेगी, जिसके बाद आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सूत्रों की माने तो सीआरपीएफ को शहर से लगभग 15-20 किमी के रेंज में जमीन की तलाश है, जिसमें रेंज मुख्यालय आने के बाद जवानों को किसी तरह की असुविधा न हो।



### बनेगा सर्वसुविधायुक्त अस्पताल, मॉल व खुलेगी बैंक व होगी मार्डन सुविधाएं



जानकारी के मुताबिक लगभग 50 एकड़ के क्षेत्र में जवानों के लिए बनेंगे एक सौ आवास, के अलावा सर्वसुविधायुक्त अस्पताल, बैंक व अन्य मार्डन सुविधाएं डेव्हल्प की जाएगी। इसके अलावा जवानों के लिए ट्रेनिंग सेंटर, दूरदराज से आने वाले जवानों के लिए ट्रांजिंग हॉस्टल बनाया जाएगा, जहां जवानों व उनके परिजनों के लिए हर मुमकिन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस मार्डन सिटी व ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण वर्तमान व भविष्य को देखते हुए निर्माण कराया जाएगा।

# 3.60 लाख का गांजा बरामद दो तस्करों को भेजा जेल

## झीरमघाटी में कर रहा था बस का इंतजार पुलिस ने दबोचा





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/दरभा

गांजा तस्करों के खिलाफ बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दरभा व नगरनार पुलिस ने दो ओडिशा व सुकमा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। गांजा तस्करों के खिलाफ पहली कार्रवाई करते हुए दरभा पुलिस ने आरोपी राजकुमार बारसे 39 वर्ष निवासी ग्राम बारसेरास उरमापाल थाना छिन्दगढ़ जिला सुकमा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 23.400 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत शेष पेज 10 पर

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, भेजा गया जेल

### ओडिशा बार्डर में बस का इंतजार कर रहा तस्कर गिरफ्तार

गांजा तस्कर के खिलाफ दूसरी कार्रवाई नगरनार पुलिस द्वारा करते हुए ओडिशा के तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी जगन्नाथ जयपुरिया 20 वर्ष निवासी ग्राम पाटपुत्र सोनाबेड़ा ओडिशा के कब्जे से 12.400 किलो गांजा कीमत 1.24 लाख रुपए, मोबाइल व नगद 570 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एएसआई महेंद्र सिंह प्रधान आरक्षक विकाश सिंह, डीएसएफ आरक्षक जोगेश्वर कश्यप व सैनिक सत्यनारायण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लाखों रुपए के गांजा के साथ बिहार के चार तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा गांजा तस्करों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में बस्तर थाना की टीम द्वारा चार अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए का गांजा व नगद बरामद किया गया है। सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 34.800 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 1 लाख 74 हजार रुपए 4 नग मोबाइल व नगद 4300 रुपए बरामद किया गया है। मामले में आरोपी धर्मेंद्र साहनी 30 वर्ष, रवि कुमार साहनी 18 वर्ष, मनीष कुमार 26 वर्ष व संजय साहनी 32 वर्ष सभी निवासी गोपालगंज बिहार व पश्चिम चंपारण जिला बेतिया बिहार के निवासी है। बस्तर पुलिस को सूचना मिली थी कि चार व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राम देउरगांव चौक में ओडिसा से रायपुर जाने के लिए आने वाले हैं। सूचना पर टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया गया, जहां उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्रवाई में बस्तर थाना प्रभारी विकेश तिवारी, एएसआई वीएस सोलंकी, प्रधान आरक्षक सुनील मनहर, बबलू ठाकुर, आरक्षक राम ठाकुर, हंसाराम मसराम, डीएसएफ निरंजन वैद्य व सैनिक जलंधर बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

- 1.74 लाख रूपए का गांजा, 4300 रुपए नगद व 4 मोबाइल बरामद



# आरपीसी मिलिशिया सेक्शन ए कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सेक्शन ए कमांडर ने आज पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों व छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सेक्शन ए कमांडर शमील तेलम ऊर्फ मिथुन ऊर्फ डेंगा पिता लख्खू तेलम उम्र 21 वर्ष निवासी गंडोकलपारा बेचापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अति पुलिस अधीक्षक ऑप्स वैभव बैंकर, अति पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, शेष पेज 10 पर



### इन वारदात में था शामिल

वर्ष 2021 में ग्राम तालनार में ग्रामीण की हत्या करने, वर्ष 2023 में गोपनीय सैनिक लालू ओयाम की हत्या करने, वर्ष 2023 में बेचापाल एवं हुरेपाल के बीच जंगल में पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के नीयत से आईईडी ब्लास्ट करने की घटना में शामिल था। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25000 रुपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

हत्या के लिए गले में चाकू मारकर किया घायल

# अभियुक्त को 7 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्राम पंडरीपानी में दो वर्ष पूर्व ग्रामीण ने विवाद में ट्रक चालक को हत्या के लिए गले में चाकू से मारकर घायल किया। मामले में सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने अभियुक्त को 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं अर्थदंड दिया। इसमें राज्य की ओर से लोक अभियोजक अखिलेश्वर दास ने पैरवी की।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर के रमेश भारती के वाहन ट्रक क्रमांक- सीजी 04 जेसी 5613 में वाहन चालक का कार्य करता है, लगभग 7 दिवस पूर्व गाड़ी में सीमेंट भरकर जगदलपुर आया था तथा वाहन खाली करवाने के बाद वाहन को ग्राम पण्डरीपानी स्थित रायपुर बाड़ा में खड़े किया था। 22 मई 2022 को ग्राम पण्डरीपानी रायपुर बाड़ा में खड़े ट्रक क्रमांक- सीजी 04 जेसी 5251 के केबिन में बैठा था। उसी दौरान दोपहर लगभग 3.30 बजे आरोपी नारायण लाल यादव आया तथा गाड़ी के कन्डेक्टर राकेश नेताम से पूछा कि, खाना है क्या। तब राकेश नेताम द्वारा खाना है कहे जाने पर नारायण लाल यादव भी गाड़ी के केबिन में आकर बैठ गया और उससे कहा कि तुम साले कम वेतन, कम भत्ता में वाहन चलाते हो, तुम लोगों के कारण हम लोगों को ढंग से वेतन भत्ता नहीं मिलता है। इस बात को लेकर नारायण ने आशीष के गले में चाकू मारकर हत्या करने का प्रयास किया, आशीष ने ट्रक से कूदकर भागा और पीछे-पीछे नारायण दौड़ते गया। उसी दौरान गले में खून के साथ आशीष पुलिस थाना पहुंचा और रिपोर्ट लिखा। इस पर पुलिस ने 23 मई 2022 को गिरफ्तार किया और न्यायालय शेष पेज 10 पर



## बाहरी लोगों ने सेवा शिक्षा स्वास्थ्य के बहाने अवैध धर्म परिवर्तन का षड़यंत्र किया

# अंग्रेज, मुगल आए परंतु बस्तर की सांस्कृतिक परंपरा को तोड़ नहीं पाए : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

9 जनवरी से नारायणपुर से दंतेवाड़ा तक जनजातीय समाज के द्वारा यात्रा का शुभारंभ किया। बस्तर सांस्कृतिक सुरक्षा मंच के संयोजक महेश कश्यप ने बताया कि भारतीय इतिहास में बस्तर की सांस्कृतिक पारंपरिक परंपरा अनोखा एवं अद्भुत रहा है। हजारों वर्षों के गुलामी कालखंड में भी अंग्रेज, मुगल अन्य अन्य आए परंतु बस्तर की संस्कृति परंपरा को तोड़ नहीं पाए। किंतु दुर्भाग्य से आजाद भारत के कुछ वर्षों से बस्तर की सांस्कृतिक परंपराओं को साजिश पूर्वक निरंतर खत्म करने का शेष पेज 10 पर



### जितना पुराना भारत का इतिहास है उतना ही पुराना जनजाति समाज का इतिहास

अलोकतांत्रिक विदेशी अलगाववादियों के खिलाफ हमारे बस्तर सदियों पुराना सामाजिक व्यवस्था मांझी, पुजारी, पटेल, सिरहा, गुनिया, गायता, नायक और पाइका मिलकर जल जंगल जमीन संस्कृति को बनाए रखें है। जितना पुराना भारत का इतिहास है उतना ही पुराना इतिहास जनजाति समाज का है। बस्तर में आने वाली विपत्तियों को यहां के पुत्र रूप समाज में साथ मिलकर सामना किया है। मुख्य रूप से देखा गया, तो बस्तर के सभी संघर्षों में सभी जातियों का जैसे माडिया,मुरिया, हलबा, गोंड, भतरा महार महारा कलार, राउत, तेली, केवट, कुम्हार, पनका, लोहार सदियों से बस्तर के सभी लोग परंपरा सामाजिक सद्भाव संस्कृति एकता परस्पर सहयोग कर जीवन जीते हुए अपनी संस्कृति बनाए रखें है। इसके अलावा सभी जातियों में उपनाम प्रायः सामान पाया जाता है जैसे बघेल, नायक, मरकाम, कुंजम, कश्यप और मंडावी।

### जनजाति समाज में अलगाव की साजिश

कश्यप के मुताबिक आज विदेशी ताकत से प्रेरित स्वार्थी प्रवृत्ति के लोग जनजाति समाज में अलगाव भरने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे जनजातीय एवं गैर जनजातीय समाज के मध्य भी अलगाव की भावना पैदा हो रही है। इन सभी विषय को समाज जीवन तक पहुंचाने एवं बाहरी विदेशी शक्तियों को संदेश देने 9 जनवरी को नारायणपुर से 11 जनवरी दंतेवाड़ा तक यात्रा कर सभा करते हुए कार्यक्रम किया जाएगा।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

**खबर संक्षेप**



## राज्य अतिथि शिक्षक विद्यामितान कल्याण संघ कोंडागांव का हुआ गठन

**कोण्डागांव।** राज्य अतिथि शिक्षक विद्यामितान कल्याण संघ जिला कोंडागांव के द्वारा जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नये सरकार के साथ अपनी संविलियन की मांगों ,समस्याओं एवं भविष्य सुरक्षित के साथ–साथ जिलास्तरीय नये टीम का गठन किया गया। इस मीटिंग में बहुत सारे साथी उपस्थित हुए। राज्य अतिथि शिक्षक विगत 8 वर्षों से संविलियन की मांगों को लेकर संघर्षरत है, और लगातार विभिन्न माध्यमों ज्ञापन, मेल मुलाकात एवं हडताल के माध्यम से शासन प्रशासन तक अपनी मांगों को पहुंचाते रहे हैं। इसलिए आज जिला स्तरीय का गठन किया जिसमें 'जिला अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ,कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष पुनेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अरूणा सिन्हा, जिला सचिव कमलेश चक्रधारी ,कोषाध्यक्ष टेकेश्वर साहू, सह सचिव मुक्ता, मीडिया प्रभारी हेमंत मिश्रा, जिला संगठन रमेश माथुर, जिला प्रवक्ता मिताली हालदार एवं सलाहकार के रूप ठाकुर बघेल व अंगेश्वर वर्मा को मनोनीत किया गया। इस नवगठित टीम के निर्माण में संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ छग. के धमेंद्र दास वैष्णव का विशेष योगदान रहा।

## गोंड़वाना भवन में मनाई फातिमा शेख की जयंती



**कोण्डागांव।** कोंडागांव गोंडवाना भवन में फातिमा शेख की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर 193 वीं जयंती मनाया। समाज के लिए नेक कार्य को याद कर फातिमा शेख की जन्म जयंती मनायी है। इस अवसर पर पीपी गोंडाने के द्वारा निःशुल्क जय भीम वाला कैलेंडर सभी को भेंट किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने व शाहिद सिद्दीकी ने फातिमा शेख के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में संस्था के मुख्य सलाहकार पी पी गोंडाने, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, देवानंद चौरे, सिद्धार्थ महाजन, मो शाहिद सिद्दीकी (शकील), संदीप वासनिकर, शिवचरण मांडवी, नेताम, बालू नेताम व बच्चे उपस्थित रहे।

## गुरु भक्ति महोत्सव राजहंस में हुआ सम्पन्न



**कोण्डागांव।** धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी कोंडागांव के जैन मित्र मंडल के द्वारा कोंडागांव के होटल राजहंस में सुप्रसिद्ध गायक पिंटू स्वामी सिद्धार्थ डागा बीकानेरएवं साथ में अमिताभ बच्चन के साथ कई प्रोग्राम में साथ रहे तबला वादक ताहिर भाई एवं उनकी टीम के द्वारा गुरु भक्ति महोत्सव का आयोजन किया गया। यह जानकारी सकल जैन श्रीसंघ के मीडिया प्रभारी जीतू भाई गोलछा ने दी और बताया कि कोंडागांव वासियों के साथ–साथ जगदलपुर गीदम नारायणपुर केशकाल रायपुर कवर्धा संबलपुर अनेक जगहो से पहुंचे भक्तों ने झूमते गाते कार्यक्रम का आनंद उठाया।

मड़ानार में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को किया गया पौधा वितरण

# बरकई में कृषकों ने जाना ड्रोन द्वारा कृषि का तरीका 12 गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को कोण्डागांव जिले के 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसमें विकास रथ केशकाल विकासखण्ड के ठाकुरपारा एवं अड़ेगा, फरसगांव विकासखण्ड के झाकरी एवं गोहड़ा, कोण्डागांव विकासखण्ड के बड़ेबंजोड़ा, खण्डाम, मड़ानार एवं पुसावण्ड, विकासखण्ड माकड़ी के बरकई एवं भीरगांव, विकासखण्ड बड़ेराजपुर के रामपुर एवं खलारी पहुंची। जहां सभी में यात्रा के प्रति उत्साह देखने को मिला। माकड़ी के ग्राम बरकई में ड्रोन द्वारा कृषि तकनीक को देखने के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। जिसमें कृषि अधिकारियों द्वारा ड्रोन के संचालन से लेकर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिडकाव का भी प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों द्वारा ड्रोन तकनीक के लाभ के संबंध में जानकारी दी गयी।

### 28 गांवों में ड्रोन का प्रदर्शन

ड्रोन के माध्यम से कृषि तकनीकी का प्रदर्शन 28 गांवों में किया गया। जिसके प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। 143 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत भू–अभिलेखों को डिजिटली उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है। इन शिविरों में लगाये गये स्वास्थ्य कैम्पों में 75 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। जिसमें 66 हजार लोगों की टीबी जांच, 38 हजार लोगों की सिकलसेल जांच की गयी। इस यात्रा में अब तक 2917 से अधिक हितग्राहियों द्वारा लोगों को अपने अनुभव बताते हुए योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया है।



### लिया भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प

भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प 01 लाख 07 हजार से अधिक ग्रामीणों द्वारा लिया गया है। इन शिविरों के माध्यम से 940 लोगों को सुरक्षा बीमा, 426 लोगों को जीवन ज्योति बीमा, 2527 परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, 13524 लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के साथ अन्य योजनाओं से लाभ दिलाने के साथ विशिष्ट कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5992 स्थानीय ग्रामीणों को सम्मानित किया गया है। जिसमें 1525 महिलाएं, 2378 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र–छात्राएं, 1098 स्थानीय खिलाड़ियों एवं 991 स्थानीय कलाकारों को सम्मानित किया गया है।

## जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में रासेयो स्वयं सेवक अमिता सलाम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केन्द्र कोंडागांव के जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार माय भारत विकसित भारत 2047 विषय पर लाइवलीहुड कॉलेज कोंडागांव में भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न स्थानों से आए युवा साथियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें सभी युवाओं ने अपना विचार प्रभावी तरीके से व्यक्त किया। सभी को अपने विचार साझा करने के लिए निर्णायक मंडल के तरफ से 4 मिनट का समय दिया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव की स्वयंसेवक प्रियंका सोरी ने बेहतरीन ढंग से अपना विचार साझा किया और भाषण प्रतियोगिता में जिले भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### अमिता व प्रियंका करेंगे कोण्डागांव का नेतृत्व

निर्णायक मंडल की टीम और संगठन की लोगों के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है। साथ ही साथ रासेयो जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे एवं कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई ने भी बच्चों के हुनर की प्रसंशा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त अमिता सलाम एव द्वितीय स्थान प्राप्त प्रियंका सोरी अब राज्य स्तर पर कोंडागांव जिले का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार की ओर से अमिता सलाम व प्रियंका को स्वर्णिम भविष्य की कामना की गयी है।

## बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, बच्चे दिखा रहे खेल प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



बच्चों में शिक्षा के साथ साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद व अन्य गतिविधि का आयोजन समय समय पर किया जाना है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके, इसी उद्देश्य से फरसगांव ब्लाक के ग्राम पलना में चार दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मंडावी के मुख्यातिथ्य में किया गया। सर्वप्रथम खेल की शुरुआत मुख्य अतिथी, स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को बच्चों द्वारा मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। सभी अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों को खेल भावना से साथ खेलने कहा गया। फरसगांव ब्लाक के 50 संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलों को 16 जोन ने बांटा गया है। इस आयोजन में 16 जोन के दो हजार से अधिक छात्र- छात्राओं सहित शिक्षक पहुचे हुए हैं। ब्लॉक स्तरीय बालक्रीड़ा पीटियोगिता में प्रमुख खेल गतिविधि में खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, दौड़, लम्बी कूद, ऊची कूद, बॉलीबॉल, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। इन गतिविधियों में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर बच्चे बहुत उत्साहित महसूस कर रहे है। इस आयोजन के शुभारंभ में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, जनपद अध्यक्ष शीशकुमारी चनाप, सरपंच शामली सलाम, सचिव जागेश्वरी नाग, बीईओ टी डी नेताम, एबीईओ हंसराज सिन्हा, ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रभारी भास्कर वर्मा, खेल के संरक्षक एवं संयोजक कमलोच नेताम, एसपी ठाकुर, तामेश्वर दीवान, मंच संचालन वासुदेव नाग, योगेश साहु, निर्मल पांडे, रामचन्द्र सोनवंसी, गरुवचन नेताम, राजेन्द्र पात्र, सीपी ठाकुर, अमित ठाकुर, सीमन्त जैन, महेन्द्र कश्यप, जी आर कोर्राम, लक्ष्मीनाथ नेताम, नकुल नेताम, सुनहेर मंडावी सहित सभी संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं खिलाड़ी बच्चे, ग्रामीण मौजूद रहे।

## बच्चों के लिए माताओं की खेल-खेल में सीखने सहायक बन रही 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अंगना म शिक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिये विभिन्न स्तरों पर क्षमता विकास के लिये प्रशिक्षण का आयोजन पंचायत संसाधन केंद्र माकडी में सम्पन्न हुआ। यह एक महिला शिक्षिकाओं के द्वारा विशेष पहल है। प्रशिक्षण पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलित व राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथि के रूप में ताहिर खान, श्रीराम तारम ,मंडल संयोजक ऋषि नागवशी, प्रभारी केशव मण्डावी बीआरजी ग्रुप के शिक्षकों की उपस्थित में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ताहिर खान, राम तारम, ऋषि नागवन्शी ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस उद्देश्य से यह कार्यक्रम संचालित है उसके अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त कर माताओं को उन्मुखीकरण कर बच्चों को सिखने के लिये अवसर प्रदान करे।

### कई गतिविधियों का हुआ समन्वय

स्थानीय बोली, परिवेश, दिन चर्चा को सम्मिलित कर सीखने की निरंतरता बनाये रखना प्रमुख है। तानूजा कांगे, लीना नागवन्शी, ऊषा कोमर्रा के द्वारा भाषायी कौशल, गणितिया कौशल के विकास के लिए जनवरी, फरवरी, मार्च तीनों माह में अलग अलग प्रत्येक माह दो दो गतिविधि करने के लिए सिखाया गया। जिसमें आवाजों की गतिविधि व पहचान, रिंग फसाओ गतिविधि, आओ बंडल बनाये इकाई दहाई को पहचानना, कुर्सी दौड अक्षर कार्ड के माध्यम सेअक्षर बनाना, गोठा संग गणित गतिविधि और स्थानीय स्तर पर सहजता से उपलब्ध हो सके ऐसी वस्तुओं के माध्यम से बताया गया।

**मौजूद रहे ये:** प्रमुख रूप से राम देव कौशिक, अमिताभ मिश्रा, नितेश शर्मा, श्याम लाल सोरी, सुकलाल सूर्यवंशी, महेश पटेल ,हेमप्रकाश सोरी, निर्मला नाग अनिता नेताम, महेश्वरी नेवेन्द्रा हेमलता साहू नदनी पोर्ते, इन्द्रा साहू श्रवण नाग दीपा जैन ममता चौहान बुधरु मण्डावी भेदराम मानकर सहित समस्त संकुल समन्वयक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## वनमाली सृजन केंद्र ने जोन्दरा पदर में मनाया विश्व हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शिक्षा, साहित्य, संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित संस्था वनमाली सृजन पीठ के कोंडागांव केंद्र द्वारा विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में हिंदी के संरक्षण संवर्धन के उद्देश्य से विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने विश्व हिंदी दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला एवं बच्चों को हिंदी भाषा से जुड़े रोचक तथ्यों के बारे में बताया। 10 जनवरी 2006 को पहली बार विश्व में हिंदी दिवस मनाया गया। वर्ष 2024 की थीम हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमता तक रखी गई है। फिजी में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा प्राप्त है। विश्व में अनुमानित रूप से करीब देश में 43 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं। 2017 में ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में पहली बार अच्छा, बड़ा दिन, बच्चा और सूर्य नमस्कार जैसे हिंदी शब्दों को शामिल किया गया। हिंदी भाषा की उत्पत्ति प्राचीन संस्कृत भाषा से हुई है जो प्राचीन भारतीय भाषा है।

### बच्चों ने पढ़ी धारा प्रवाह हिंदी कविताएं

इस अवसर पर बच्चो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए धारा प्रवाह हिंदी कविताओं का पाठ किया। सभी प्रतिभागियों को लेखनी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मिता नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कसई फरसगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित

**फरसगांव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में 10 जनवरी बुधवार को कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड फरसगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम कसई फरसगांव में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सभी विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं को बताया गया और पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाया गया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी घनश्याम शोरी, डे नोडल अधिकारी टी डी नेताम, टीएल नाग, वेन नोडल अधिकारी दीपक प्रधान, ग्राम सरपंच राम सिंह वड्डे, सचिव सोंनधर नेताम सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## कोंडागांव में शिक्षकों का स्कूल हेल्थ कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण है जारी

120 शिक्षकों का चौथा बैच ले कर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



आयुष्मान भारत के स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वाधान में पांच–पांच दिवसीय शिक्षकों का प्रशिक्षण कोंडागांव जिले के सभी विकासखंडों में संचालित है। शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने बताया कि विकासखंड कोंडागांव में प्रशिक्षण के लिए 120 शिक्षकों का बैच चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण 08 जनवरी से 12 जनवरी तक संचालित हो रहा है। माकडी में 90 शिक्षकों का तृतीय बैच संचालित है। केशकाल में 90 शिक्षकों का द्वितीय बैच संचालित है। बडेराजपुर में 90 शिक्षकों का प्रथम बैच संचालित है।

■ अब तक 834 शिक्षकों को किया जा चुका है प्रशिक्षित

### दिया जा रहा है ग्यारह मॉड्यूल में प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में लगभग ग्यारह मॉड्यूल जिसमें स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, मूल्य और जिम्मेदार, नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता, पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को बढावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी की रोकथाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढावा देना आदि बिंदुओं पर शिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### जिला स्तरीय मॉनिटरिग टीम का गठन

प्रशिक्षण के मॉनिटरिंग के तौर पर जिला स्तरीय टीम का गठन भी किया गया है। ये सभी ट्रेनर सभी मॉड्यूल पर विस्तृत जानकारियां देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवचरण साहू, हरीश ठाकुर, नीरज ठाकुर, तिलक कश्यप, उमेश साहू, निरंजन पोयाम, सहदेव मरकाम उपरोक्त सभी शिक्षक प्रशिक्षक के रूप में जुडे हुए हैं। जिले में अब तक 834 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

गारावंडी, डोहलापारा, आमागांव, करनपुर, उदेंगा, कांटागांव पहुंची संकल्प यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से गांव-गांव में मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार संचालित की जा रही है, जिसके तहत सोमवार को केशकाल विकासखण्ड के गारावंडी एवं डोहलापारा, फरसगांव विकासखण्ड के आमागांव एवं उरांदाबेड़ा, कोण्डागांव विकासखण्ड के मोहलई एवं करनपुर, माकड़ी विकासखण्ड के उदेंगा, कांटागांव में संकल्प यात्रा पहुंची। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया, सभी ने पुष्पमाला एवं पुष्पवर्षा से संकल्प यात्रा के विकास रथ का स्वागत किया।

इस अवसर पर गारावंडी की नयापारा निवासी शांति ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत बताया कि विगत वर्ष उन्हें जब 03 माह के गर्भाधारण का पता चला, तब वे खुश थी। साथ ही चिंतित थी कि बच्चे की सही परवरिश सही तरीके से वे कर सकेंगी या नहीं। ऐसे में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं एवं मितानीन द्वारा मुझे पोषक आहार, संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन आदि के बारे में बताने के साथ प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलाया गया। जिसके तहत 05 हजार रुपये की राशि भी मुझे प्राप्त हुई।



### भारती दीवान बनी कृषि सखी, मिली अतिरिक्त आय

करनपुर की भारती दीवान बताया कि गर्भाधारण पर उन्हें आंगनबाड़ी से रेडी टू ईट के साथ पूरक पोषण आहार के संबंध में जानकारी के साथ प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तीन किश्तों में 05 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी। अब मैं और शिशु पूरी तरह स्वस्थ है। इसके अतिरिक्त मैं राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत समूह से जुड़कर कृषि सखी के रूप में भी कार्य कर रही हूं। जिसके तहत प्रतिदिन किसानों को जैविक कृषि, जैविक उवर्रक, जैविक कीटनाशक के संबंध में जानकारी देकर रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए कार्य करती हूं। जिससे मुझे अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

### बताए नैनो यूरिया के लाभ

करनपुर के तुलाराम ने नैनो यूरिया के लाभों को बताते हुए नैनो यूरिया द्वारा 70 से 80 प्रतिशत पैदावार में वृद्धि तथा कम खपत में अधिक उत्पादन के स्वयं के अनुभव को साझा करते हुए किसानों को नैनो यूरिया प्रयोग के लिये प्रोत्साहित किया। मुनगापदर के धनसिंह कश्यप ने जैविक कृषि के तरीकों को बताते हुए इसके द्वारा हो रहे लाभों का वर्णन किया।

## पेज 9 के शेष

### इन्द्रावती टाइगर ...

इसकी गणना की जा सकती है। टाइगर रिजर्व में होने वाली बाघों की गणना के लिए इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान में लगभग 80 अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीम को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह टीम टाइगर रिजर्व एरिया में रह रहे बाघों की पहचान कर नंबरिंग कर उसके गणना में सहभागी बनेंगे। इस टीम के अलावा आसपास के लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों के लगभग 50 ग्रामीणों को भी इस कार्य के लिए तैयार किया जा रहा है।

### 3.60 लाख का ....

2 लाख 36 हजार 6 सौ रुपए, मोबाइल व 22 सौ रुपए बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दो बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर एनएच 30 मेन रोड झीरमघाटी के पास खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर टीम द्वारा झीरम घाटी बंजारिन माता मंदिर के पास नाकाबंदी कर आरोपी रामकुमार बारसे को पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) 2 (ग) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्रवाई में दरभा थाना प्रभारी निरीक्षक केशरी चंद साहू के अलावा एसआई ललित सिंह नेगी, प्रधान आरक्षक बुधरू बघेल, गणेश कोर्राम, आरक्षक चंद्रेश कुमार, आलेश्वर किंडो, रमेश मौर्य, मुकेश बघेल व राजकुमार बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आरपीसी मिलिशिया ....

उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू के समक्ष नक्सलियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

### अभियुक्त को ....

में पेश किया, जहां से आरोपी को अभिरक्षा में जेल भेज दिया। मामले में न्यायाधीश ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर नारायण लाल यादव को धारा 307 भारतीय दंड संहित के अपराध में 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 100 रुपए अर्थदंड दिया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक माह का कठोर कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा।

### अंग्रेज, मुगल आए....

प्रयास चल रहा है। बाहरी लोगों द्वारा सेवा शिक्षा स्वास्थ्य के बहाने अवैध धर्म परिवर्तन करना तो कहीं वामपंथी, माओवादी की आड़ में जल-जंगल-जमीन का अधिकार दिलाने का झूठा परपंच कर आपस में लड़ा कर आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार शिक्षा स्वास्थ्य सड़क बिजली पानी मुख्य धाराओं से कटकर निर्मम हत्याएं करना आम बात हो गया है। इसके साथ ही सांस्कृतिक रूप से विमर्श खड़े करने के लिए आदिवासी हिंदू नहीं है, हम रावण एवं महिषासुर के वंशज है। सामाजिक विद्वेष लाकर आपस में लड़ाना धर्मांतरण और वामपंथी विचारधारा को बढ़ावा देना आम बात हो गया। बस्तर में अनेक जाति समाज के लोग सदियों से निवास करते आ रहे हैं। आयोजन समिति के समन्वयक मगाऊ राम कावड़े ने कहा की अलग-अलग जाति पार्टी सामाजिक नीति नियम व्यवस्था होने के बाद भी गांव में एकता भाईचारा संभव कायम रहा है। समाज को धर्म संस्कृति परंपरा से तोड़कर बस्तर को मुख्य धारा से अलग करना इनका मुख्य उद्देश्य रहा है।

### दो दिनों तक ....

10 किमी रेल लाइन दोहरीकरण कार्य चल रहा है। इस रेल सेक्शन में 10 और 11 जनवरी को विशाखापटनम से किरन्दुल जाने वाली नाइट एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 18514 जगदलपुर में रद्द होगी। वापसी में यही ट्रेन नंबर 18513 बनकर किरंदुल- विशाखापटनम रात्रि एक्सप्रेस ट्रेन 11 और 12 जनवरी को किरंदुल के बजाय जगदलपुर से विशाखापटनम के लिए चलेगी। इसी कड़ी में 10 और 11 जनवरी को विशाखापटनम से चलने वाली ट्रेन संख्या 08551 विशाखापटनम - किरंदुल ट्रेन जगदलपुर में रद्द हो जाएगी। जबकि वापसी में यही ट्रेन संख्या 08552 किरंदुल- विशाखापटनम ट्रेन 11और 12 जनवरी को किरंदुल के बजाय जगदलपुर से विशाखापटनम तक चलेगी। उक्त जानकारी विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एके त्रिपाठी ने देते यात्रियो को परेशानियों से बचने का आग्रह किया है।

**खबर संक्षेप**

## प्रशासन करेगी नागरिकों के समस्या का निराकरण



**दंतेवाड़ा।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के आम नागरिकों के शिकायतों और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा मोबाइल नंबर जारी किया जा रहा है, इस प्रकार कोई भी व्यक्ति इस मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप या कार्यालय समय में कॉल कर अपनी बात प्रशासन तक पहुंचा सकता है, जिनका निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

## मड़से में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर 14 तक



**गीदम।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा के तत्वाधान में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत मड़से में 8 से 14 जनवरी तक किया जा रहा है। इस शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मड़से के सरपंच रामू राम वेक, विशेष अतिथि ग्राम पटेल लखमू राम व ग्राम पंचायत के पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार माला, सुरेश यादव, सुशांत ठाकुर एवं कॉलेज के समस्त प्राध्यापक व महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## विधायक चैतराम ने विभागीय अधिकारियों से की परिचर्चा

**दंतेवाड़ा।** विधायक चैतराम अटामी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सभी अधिकारियों से परिचर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन करना है। प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता सुशासन के साथ कार्य किया जाना है। शासन के मंशा के अनुरूप प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इस भूमिका का निर्वहन हमें जिम्मेदारी से पूरा करना है। शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के साथ तय करें और उसका बेहतर क्रियान्वयन जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को करने को कहा। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं समन्वय बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्राथमिकता देकर ग्रामीण जन तक इसका लाभ पहुंचाने और ग्रामीण जनों से भी शासन के योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही है।



## जैन समाज की महिलाओं ने बच्चों को दिए पाठ्य सामग्री



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत अध्यनरत 52 भैया-बहनों को प्राची देवी सुराना, आशा डागा, ममता छाजेड़, च्राजुल बाफना, स्वाति बुरड़, किरण बुरड़ एवं साथियों द्वारा पाठ्य सामग्री प्रदान किया गया। साथ जो भैया-बहन मांसाहार का सेवन करते हैं, उन्हें उसका त्याग करने की समझाईश दी गई। भैया-बहनों को आशा डागा ने कहा कि हमें सभी जीवों की रक्षा करनी चाहिए। प्रकृति ने हमें विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ प्रदान किए है। हमें उनका सेवन करना चाहिए एवं मांसाहार का त्याग करना चाहिए। संतुलित एवं पौष्टिक आहार करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। समाज में जागरूकता लाकर हमें सबको समझाना है। कन्या भारती की बहनों के द्वारा तिलक वंदन स्वागत करने के पश्चात बसंती नायक व हेमा ने आभार प्रकट किया।

भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 (2) के प्रावधानों पर हुई चर्चा

# अभिमत दे, किसी भी प्रकार की हड़ताल की आवश्यकता नहीं

**जिला प्रशासन, बैलाडीला ट्रक ऑनर व ड्राइवर एसोसिएशन की हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

ड्राइवरों के हड़ताल को देखते हुए 10 जनवरी को कलेक्टर के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, आरटीओ की टीम द्वारा बैलाडीला ट्रक ऑनर एसोसिएशन और ड्राइवर एसोसिएशन की मीटिंग आयोजित की गई।

मीटिंग में प्रशासन द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(2) के प्रावधानों पर चर्चा की गई। जिला प्रशासन की टीम द्वारा बताया कि यह नियम उन लोगों के ऊपर लागू होगा जिनके द्वारा एक्सीडेंट हो गया हो, और यदि उनके द्वारा पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना नहीं दी जाती है। यदि उनके द्वारा सूचना दी जाती है तो यह धारा लागू नहीं होगा और ना ही उनको सजा दी जाएगी। यह कानून लोगों की सुरक्षा के लिए लाया जा रहा था, ताकि सजा के डर से कम से कम इस बात की सूचना मिल जाए कि दुर्घटना हुई है और लोगों को इमरजेंसी सुविधाएं प्राप्त हो सके, समय पर पीड़ित को हॉस्पिटल पहुंचाया जा सके और जान बचाई जा सके।

यह कानून सिर्फ ट्रांसपोर्ट गाड़ियों के चालक पर लागू नहीं होता, बल्कि हर उस व्यक्ति पर लागू होगा। जिनके द्वारा कोई भी वाहन चलाया जाता है एवं उनसे दुर्घटना होती है और उनके द्वारा सूचना नहीं दी जाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए पत्र जारी कर बताया गया है कि यह कानून तब तक लागू नहीं होगा, जब तक ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के द्वारा सहमति से किसी निर्णय पर पहुंच नहीं जाते। यदि कोई वाहन चालक अपना पक्ष रखना चाहता है तो ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को अपना अभिमत दे सकते है, किसी भी प्रकार की हड़ताल की आवश्यकता नहीं है।




## सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी माध्यम से फैला रहे भ्रामक जानकारी से रहे सतर्क



**बीजापुर।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिले के समस्त बस संचालक, टैक्सी, बस यूनियन, ट्रांसपोर्टर एवं वाहन चालकों की बैठक लेते हुए हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सोशल मीडिया एवं प्रचार-प्रसार के अन्य साधनों के माध्यम से फैलायी जा रही भ्रामक जानकारी के बारे में स्पष्ट करते हुए कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं हितग्राहियों से चर्चा करने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। बुधवार को लिए बैठक में इस विषय किसी भी प्रकार के भ्रामक जानकारियों से सतर्क रहने को कहा। कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि शासन पर विश्वास रखें, कभी भी यूनियन की मांग पर हड़ताल की स्थिति निर्मित होने पर जिले में शांति और सौहार्द्रपूर्ण व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अप्रिय स्थिति में प्रशासन अपनी भूमिका निभाएगी। साथ ही कलेक्टर ने सभी प्रतिनिधियों से आत्मीयतापूर्वक भेंट करते हुए परिचय प्राप्त किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, डीएसपी विनीत साहू, जिला परिवहन अधिकारी किशन मोहर, तहसीलदार बीजापुर डीआर ध्रुव सहित ट्रांसपोर्टर टैक्सी, बस यूनियन के सदस्य एवं वाहन चालक उपस्थित थे।

# अर्जुन के पौधों पर तसर कीट पालन की व्यापक संभावना

हरिभूमि न्यूज : बस्तर

बुनियादी बीज प्रगुणन केंद्र बस्तर का औचक निरीक्षण करने मंगलवार को डॉ. एनबी. चौधरी निदेशक केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची ने बस्तर जनपद के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किए जा रहे कीटपालन कार्य का अवलोकन किया।



यह कार्य बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बस्तर के वैज्ञानिक डॉ. बी. तिरूपम रेड्डी के द्वारा संपन्न किया जा रहा है, जिसका परिणाम आशाजनक रहा। डॉ. रेड्डी ने बताया कि तसर रेशम कीटपालन से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषकों को कोसा उत्पादन का लाभ मिलेगा। यह प्रयास इस परिक्षेत्र में प्रथम बार किया जा रहा है। डॉ. एनबी. चौधरी निदेशक ने अपने सघन दौरे के दौरान कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पौधरोपण कर अधिकाधिक लाभ कमाया जा सकता है। जिससे इस नई योजना को फलीभूत किया जा सकता है। इस अवसर पर केन्द्र के उर्मिला नाग, टीएच. सिद्धीकी, जी. गोपाल राव, सीपी. पांडे, शंकरलाल सहारे एवं सीपी. तिवारी उपस्थित रहे।

# आम जनता तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक अटल सदन भाजपा जिला कार्यालय में आज संपन्न हुई। बैठक में हूंगाराम मरकाम पूर्व जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।

आने वाले लोकसभा चुनाव में बस्तर लोकसभा सीट को विजय बनाने एवं केंद्र व राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने सभी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होने की बात कही। अरुण सिंह भदौरिया प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ने कहा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव में अच्छा कार्य किया हैं। कुछ कमी रही जिससे चुनाव में हार मिली, लेकिन हिम्मत नहीं हारी हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने अच्छा कार्य किया हैं, आने वाले चुनाव में अधिक मतों से बस्तर के लोकसभा सीट में विजयी होंगे।






धनीराम बारसे जिला अध्यक्ष ने भाजपा के हाल में संपन्न हुए कार्यों की समीक्षा कर कमियों को दूर करते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में एक्शन मोड पर काम करने की बात कही। इसके साथ ही संगठन के हर कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के साथ ही जनहित के मामलों को गंभीरता से उठाने कहा गया। वहीं आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण में विश्वहिंदू परिषद के साथ प्रत्येक घर में अक्षत, आमंत्रित कार्ड पहुंचाने में सहयोग करने एवं 25 जनवरी से जिला भर के जनता को अयोध्या राम मंदिर दर्शन कराने ले जाने को लेकर एवं मतदाता सूची में नाम जुड़ाने, नमो ऐप सरल ऐप के माध्यम से काम करने को लेकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री कोरसा सन्नू, विश्वराज चौहान, जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, नूपुर वैदिक, भुवनेश्वरी यादव, धर्मेंद्र मोनू भदौरिया, पूर्व जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, उपेंद्र चौहान, राधा नायक, टी विजेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला कार्यालय प्रभारी रामगोपाल राठौर, जिला मिडिया प्रभारी रमेश यादव सहित सभी पांचो मंडल के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ, शक्तिकेंद्र एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नपं अध्यक्ष के पहल पर नगर का मुख्य मार्ग हुआ रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर का आधा मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड से लेकर नया नाका तक राष्ट्रीय राजमार्ग में होने के बावजूद अंधेरे में डूबा रहता था, जिसके कारण राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मार्ग में पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण कई बार इस मार्ग में हादसे भी घटित हुए। जबकि इसी मार्ग में नगर के कई महत्वपूर्ण कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है।

जिस पर ध्यान आकर्षण करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना और उनकी टीम ने कलेक्टर और विधायक के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर नगर के मुख्य मार्ग को रोशन करने की योजना बनाई। जिसके परिणाम स्वरूप नए वर्ष के शुरूआत से ही पुराना बस स्टैंड से लेकर फॉरेस्ट नाका तक स्ट्रीट लाइट लगाकर नगर पंचायत गीदम के द्वारा नगर को नववर्ष की सौगात दी गयी। गौरतलब है कि जब से साक्षी सुराना नगर पंचायत अध्यक्ष बनी है तब से उनके द्वारा कोविड काल से लेकर अभी तक लगातार नगर हित में बहुत सारे कार्य किए जा रहे है, जिसका परिणाम है कि नगर का मुख्य मार्ग रोशन हो पाया है।



साथ ही विभिन्न विकास कार्य प्रगतिरत है। नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना ने कहा कि सेवा ही संकल्प है कि धारणा से मैंने अपना कार्यकाल प्रारंभ किया था किंतु शपथ ग्रहण करते ही कोरोना जैसी महामारी की वजह से 2 वर्ष सिर्फ कोरोना से नगर को सुरक्षित करने में लग गया, जिसमें लगातार तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से एक बड़े सर्वसुविधायुक्त अस्पताल की मांग हेतु पत्राचार किया था। जिसका सार्थक परिणाम मिला और गीदम नगर को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। उसके बाद लगातार प्रयास कर बहुत सारी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसका लाभ नगर की जनता को जल्द से जल्द मिलेगा। इसमें उपाध्यक्ष मनकू राम लेकामी सहित सभी पार्षदों, नगर पंचायत सीएमओ एवं कर्मचारियों एवं नगरवासियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# उपायुक्त ने बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

उपायुक्त डॉ. आनंद जी सिंह ने आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से वन टू वन चर्चा करते हुए अच्छी पढ़ाई करके अच्छे परिणाम लाने की बात कही। साथ ही प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की मीटिंग लेकर उन्हें 100 प्रतिशत रिजल्ट देने के निर्देश दिए। समस्त स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि निदानात्मक कक्षाएं लेकर उसमें छात्र-छात्राओं को इस तरह से पढ़ाया जाए कि वह उस विषय को बड़ी आसानी से समझ सकें। शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए विषय को छात्र-छात्राएं पढ़कर सही से उत्तर दे सके। इसी के साथ पाठ्यक्रम को पूरा करते हुए छात्र-छात्राओं को सैंपल पेपर हल करवाये और उन्हें परीक्षा के लिए तैयार करें, जिससे कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट आ सके। उपायुक्त ने कहा कि सफलता के तीन मंत्र हैं कठिन परिश्रम, दूर दृष्टि एवं पक्का इरादा। वहीं मनुष्य का एक ही शत्रु होता है आलस्य, जो कि सफलता के मार्ग में बाधा बनता है। बच्चे टाइम टेबल बनाकर अपने रूम की बजाए क्लासरूम में रहकर पढ़ाई करें। इस दौरान प्राचार्य वृषभान खांडेकर ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए अच्छे परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।



## राम राम जप भाजपा राम के ननिहाल दंडकारण्य को ही वीरान कर रही : मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



देश में और छत्तीसगढ़ में वर्तमान में डबल इंजन की सरकार है। प्रदेश में सरकार बनते ही आदिवासियों के जीवन पर कुल्हाड़ी चलाना इस सरकार ने शुरू कर दिया है। भाजपा का अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने का पुरजोर प्रयास शुरू हो चुका है। कांग्रेस सरकार में आदिवासियों के जिस हसदेव के विरोध पर पेड़ों की कटाई रोक दी गई थी, आज भाजपा ने राम के ननिहाल को उजाड़ने का आदेश दे दिया है। ये वही भाजपा है जो राम राम कह सत्ता में आती है और राम के ही गमन क्षेत्र में खुलेआम दोहन की अनुमति देती है। भाजपा का वन्यप्राणी प्रेम भी छलावा है। विदेशों से वन्य प्राणियों को लाकर देश के जंगलों में छोड़ा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जंगल को साफ करने का आदेश भी दिया जा रहा है। भगवान राम के दंडकारण्य पर कुल्हाड़ी अपने उद्योगपति मित्रों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए चलवाई जा रही है। उक्त बातें कांग्रेस के जिला महासचिव मनीष भट्टाचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

## यूसीएमएएस राज्य स्तरीय एबेकस स्पर्धा में बस्तर के बच्चों का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रायपुर के एक निजी स्कूल में आयोजित यूसीएमएएस राज्य स्तरीय एबेकस स्पर्धा में बस्तर के बच्चों का दबदबा रहा।

स्पर्धा में जगदलपुर के एब्सलूट एबेकस क्लासेस से अलग-अलग लेवल में कुल 23 प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें 8वें लेवल में वृद्धि पिल्लई पहली रनर-अप एवं अंश कोटक को कोर्स पूर्ण करने हेतु मेडल एवं सम्मान पत्र मिला। छठवें लेवल में ऋत्विक वेलपुरी-चैंपियन, डी. अरनव आदित्य-प्रथम रनर-अप, तिसरे लेवल में अनमोल साव-चैंपियन, ख्याति साव-चौथे रनर-अप, दूसरे लेवल में श्रेयांश पाण्डे-चैंपियन, अच्युत गोयल प्रथम रनर-अप, प्रथम लेवल में असीम श्रीवास्तव पांचवे रनर-अप, जेड लेवल में इशिका देवांगन ने दूसरे रनर-अप ने विजेता ट्राफी अपने नाम किया।

साथ ही अरनव पटेल, चक्रधर पल्लपोटू, प्रकृति पाण्डे, प्रणव पल्लपोटू, अव्यांश साव, पूर्ति कुलकर्णी, पावनी कुलकर्णी, अनंत राम, नैतिक जैन को मेरिट ट्राफी से सम्मानित किया गया एवं अद्विका घोष, प्रयांश साव, आराध्य जोशी, अक्षिता सोनी, सिद्धी जैन को पार्टिशिपेशन ट्राफी प्रदान की गई। एब्सलूट एबेकस क्लासेस की संचालिका श्रीमती तृप्ती परिडा ने उक्त जानकारी दी।

## बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने कलेक्टर से की भेंट



**बीजापुर।** जिला प्रशासन बीजापुर एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जिले में चल रहे कार्यक्रम बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर अनुराग पांडेय को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही बीजादूतीर कार्यक्रम के विभिन्न विषयों के माध्यम से समुदाय में बाल विकास, सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ किशोरावस्था, पोषण में विविधता एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को लोगों तक प्रचार-प्रसार के विषय में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों से कलेक्टर को अवगत कराया गया। स्वयं सेवकों द्वारा अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों का विवरण दिया गया तथा अपने अनुभव साझा किये गये।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202401152200003

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुप गुप्ता पिता राधेश्याम गुप्ता जाति सौण्डिक ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पुत्री कु.इशिका गुप्ता s/o अनुप गुप्ता निवासी ग्राम करपावण्ड तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पुत्री कु. इशिका गुप्ता ग्राम करपावण्ड का दिनांक 26/02/2002 को जन्म हुई है। आवेदक अनुप गुप्ता पिता राधेश्याम गुप्ता जाति सौण्डिक ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पुत्री कु. इशिका गुप्ता जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 16/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 03/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की गुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202401152200002

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुप गुप्ता पिता राधेश्याम जाति सौण्डिक ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पुत्र प्रियम गुप्ता s/o अनुप गुप्ता निवासी ग्राम करपावण्ड तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पुत्र प्रियम गुप्ता ग्राम करपावण्ड का दिनांक 28/03/2006 को जन्म हुई है। आवेदक अनुप गुप्ता पिता राधेश्याम गुप्ता जाति सौण्डिक ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथता आवेदक के पुत्र प्रियम जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 16/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### शिविर में लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के ग्राम करंजी विकासखंड तोकापाल में चल रहे विशेष सात दिवसीय शिविर में 9 जनवरी को मेघा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेष रूप से सिकलिन बीमारी की जांच किट द्वारा किया गया। शिविर में 170 लोगों का सिकलिन जांच किया गया, जिसमें 6 लोगों का पॉजिटिव आया। अन्य ग्रामीण जनों को बीपी एवं शुगर बीमारी की जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण स्वास्थ विभाग ने किया। शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर मीनाक्षी देहारी, इंदु रेखा साहू, रामेश्वर प्रसाद कश्यप एवं लक्ष्मण मौर्य उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम प्राचार्य बीएस रामकुमार के मार्गदर्शन में एवं संचालन शिविर प्रभारी निरंजन दास द्वारा किया गया।

### एमआरएफ सेंटर के कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने रविवार को बाबू सेमरा स्थित एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर के कार्योंर् और गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने सेंटर के समीप कचरा प्रबंधन के लिए अन्य विकास कार्य को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान संस्था में स्थापित कचरा प्रबंधन के मशीनों को संचालित करवाकर वेस्ट मटेरियल का महिला समूह के द्वारा किस प्रकार प्रतिदिन कार्य करती है उसका अवलोकन किया। कलेक्टर ने सेंटर में रखे प्लास्टिक, कांच के बोतल, कार्डबोर्ड, प्लास्टिक बोतल जैसे कचरा को विक्रय के कार्य योजना पर सेंटर संचालक से चर्चा की और उचित प्रबंधन के निर्देश दिए।

### दक्षता संवर्धन पर हुई प्रशिक्षण सह कार्यशाला



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के अंतर्गत संचालित पीएमश्री स्कूलों में दक्षता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन डाइट बस्तर में किया गया। इसमें नई शिक्षा नीति पर आधारित प्रमुख बिन्दुओं पर डॉ. जॉन ने सारगर्भित विचार साझा किये। वहीं सुभाष श्रीवास्तव द्वारा डीएलएम और नवाचारी गतिविधियों पर लर्निंग आउटकम की प्राप्ति के लिए शिक्षकों को सतत प्रयास करने का सरल तरीका समझाया गया। नेतृत्व और प्रबंधन पर चंद्रकांत पानीग्राही ने बताते हुए कहा कि शाला समुदाय और शाला प्रबंधन से सहभागिता निभाते हुए कुशलपूर्वक अपने स्टाफ, छात्र-छात्राओं तथा पालकों के मध्य सेतु निर्माण कर सफल नेतृत्व करना चाहिए। एक्शन रिसर्च पर आधारित समस्याओं के समाधान हेतु नीता मण्डल द्वारा अपने विचारों को साझा किया गया। प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बस्तर से मिली जानकारी के अनुसार केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया।

### मानकूराम सोढ़ी का किया गया स्मरण

**जगदलपुर।** शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में बुधवार को राजीव भवन में पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. मानकुराम सोढ़ी के 7 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही उनके श्रेष्ठ कार्यों का स्मरण किया कर पुण्यतिथि मनाई गई। बस्तर के गाँधी के नाम से विख्यात पूर्व सांसद, एवं पूर्व मंत्री स्व. मानकुराम सोढ़ी 10 जनवरी को स्थानीय कांग्रेस राजीव भवन में पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मौजूद रहे शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, रविशंकर तिवारी, नरेंद्र तिवारी, धरम सोढ़ी, अंगद त्रिपाठी, जॉन सुता, भुवन झा, महेश द्विवेदी, संदीप दास, उस्मान रजा, अंकित सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष नीलम कश्यप, राजेश कुमार, सुलो कश्यप, हरदास बघेल, अनिल एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# खतरनाक हो चुके अंधे मोड़ों पर लगाए गए कॉन्वेक्स मिरर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के मुख्यमार्गों से जुड़ने वाले खतरनाक हो चुके अधें मोड़ों को चिन्हित कर कॉन्वेक्स मिरर लगाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन आधे दर्जन से अधिक मोड़ों पर कॉन्वेक्स मिरर लगाया गया है। यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं में कमी लाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व मुख्य मार्गों में व ट्रेफिक सिग्नलों में जेब्रा क्रासिंग बनाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने वाहन चालकों को जागरूक भी किया जा रहा है।

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि शहर के कई अधें मोड़ों व अधिक दुर्घटनाजन्य स्थानों को चिन्हाकिंत किया गया है। यहां यातायात अमले द्वारा कॉन्वेक्स मिरर लगाया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके। डीएसपी संतोष जैन व यातायात निरीक्षक अभिजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि

## दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात पुलिस कर रही प्रयास





### इन स्थानों में लगाए गए मिरर

यातायात निरीक्षक अभिजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि पहले चरण में शहर के लालबाग मार्ग स्थित पुलिस पेट्रोल पम्प मोड़, झंकार टाकीज मोड़, आनंद ढाबा के सामने, ज्योति नर्सरी मोड़, डोंगाघाट चौक, लाल बाग ऑफिसर मेस के सामने, आसना चौक, एसबीआई चौक व हुंडई शोरूम मोड़ में कॉन्वेक्स मिरर लगाया गया है। इसके अलावा अन्य चिन्हित किए गए खतरनाक अधें मोड़ों पर आने वाले दिनों में कॉन्वेक्स मिरर लगाया जाएगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी हो सके। यातायात प्रभारी भदौरिया का कहना है कि हमारा प्रयास यही है कि दुर्घटनाओं में कमी लाया जाए इसके लिए यातायात नियमों की वाहन चालकों को जानकारी देकर जागरूक करने का काम भी यातायात अमले द्वारा किया जा रहा है।

खतरनाक एवं अंधे मोड़ों पर मुख्य मार्ग से जुड़ने वाले व अन्य पहुच मार्ग वाले स्थानों में अचानक से वाहन आ जाने से तथा दूसरे मार्ग की ओर से आने वाले वाहन दिखाई नहीं पड़तेहै। अचानक वाहनों के से सामने आने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, दुर्घटनाओं में कमी लाने व अप्रिय स्थिति को कम करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा कॉन्वेक्स मिरर लगाया जा रहा है। कॉन्वेक्स मिरर के माध्यम से दूसरे दिशा से आ रहे वाहनों को देखकर वाहन को नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए शहर के ट्रेफिक सिग्नलों से पूर्व जेब्रा क्रासिंग बनाए गए है जहां वाहन चालकों को वाहन रोकने तथा नियमों का पालन करने कहा जा रहा है। जिन स्थानों में कॉन्वेक्स मिरर लगाए गए है यहां पूर्व में कई दुर्घटनाएं व लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ चुका है।

## निमंत्रण देने पहुंच रही मातृ शक्तियों का आरती उतार शंखनाद से कर रही स्वागत

# पीले वस्त्र धारण कर मातृ शक्ति घर-घर दे रही अयोध्या दर्शन के लिए अक्षत निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



इन दिनों पूरा बस्तर अंचल राममय में परिवर्तित हो गया है। क्या गांव, क्या शहर और बस्तियां में मातृ शक्ति की टोली पीले वस्त्र धारण कर गले मे श्री राम पटका लगाई पूरे भक्तिभाव और राम भजन जयकारे के साथ एक साथ घर-घर पहुंच गृहणियों को भगवान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या चलने बाकायदा अक्षत निमंत्रण सुपारी देकर निमंत्रित कर रही है। टोली में घर-घर पहुंचने वाली मातृ शक्तियों का भी घर की महिलाएं सिर में पल्लू डाल घर के पीले चावल (अक्षत) के साथ पुष्प वर्षा, आरती उतार और शंखनाद के साथ अयोध्या से पहुंचा अक्षत को परघा (स्वागत) कर रही है। मंगलवार देर शाम यह दृश्य शहर के छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में देखा गया। एक दर्जन से अधिक की टोली में पीले रंग की साड़ी धारण कर मातृशक्ति एक-एक घर मे दस्तक देकर घरवालों को पुण्य तीर्थ श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए आमंत्रित कर रही थी। साथ ही 15 जनवरी मकर संक्रांति जैसे पवित पर्व के दिन से आगामी 22 जनवरी तक भगवन राम लला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस तक अपने-अपने वार्ड बस्ती,गांव में स्थापित मंदिरों में सुन्दरकाण्ड, अखंड रामायण, हनुमान चालीसा भजन-कीर्तन कर पूरे अंचल को राममय में परिवर्तित करने का आव्हान कर रही है। खासकर 22 जनवरी जैसे शुभ दिवस पर अपने-अपने घरों को रोशनी कर आंगन में रंगोली सजाने और 11 दीये प्रवज्वलित कर दीपावली जैसे उत्सव मनाने का आव्हान कर रही है। इस दिन दीपावली पर्व की भांति आतिशबाजी भी करने का आग्रह कर रही है।

शहर के विभिन्न वार्ड और बस्तियों में मातृ शक्ति अयोध्या से लाए गए अक्षत कलश पूजा के लिए वार्ड-वार्ड स्थित मंदिरों में पूरे धार्मिक वातावरण में रम गई है। जहां आगामी 15 से 22 जनवरी तक भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा रामायण व अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया जाना है। रामभक्त गाजे बाजे और जयकारे के साथ घूम घूम कर प्रत्येक घरों में अक्षत,श्रीराम जन्मभूमि निर्माणाधीन मंदिर,अयोध्या की फ़ोटो के साथ आगामी पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल रूप भव्य प्रतिमा को नवीन निर्माणाधीन मंदिर के गर्भगृह में विराजित करने और उनके प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में जानकारी दे रहे हैं।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भक्तगणों के साथ वार्ड के प्रत्येक घर में 22 जनवरी को इस अभूतपूर्व दिवस को बहुत धूमधाम और उत्साह से मनाने आग्रह भी कर रहे हैं। प्रत्येक घर में श्रीराम जयकारा का पाठ हो, हनुमान चालीसा सुंदरकांड,राम रक्षा स्त्रोत का पाठ हो। प्रत्येक घर में दीपावली जैसा वातावरण निर्मित कर अपने अपने घरों में रात्रि में दीया जले, तोरण, पुष्प और लाइटों से अपने घर को सजा कर कार्यक्रम में शामिल होकर भव्य प्राण प्रतिष्ठा में अपना योगदान दे सकते हैं। इस दौरान विहीप के प्रांत पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी,उमा गुप्ता, डॉ सुषमा झा, गीता शुक्ला, शिखा सामंत, शिखा घोष, बबली शुक्ला, शांति यादव, खोमा वर्मा, कल्पना अधिकारी, सपना रथ, मिली तिवारी समेत अन्य महिलाए सम्मलित थी।

### 22 को घरों में तोरण और रोशनी से सजाया जाएगा

भगवान राम के 5 सौ वर्षों के बाद उसी स्थान पर फिर से प्राण प्रतिष्ठा होने पर अभूतपूर्व उत्साह सनातनी हिन्दू परिवार के अलावा अन्य सभी लोग इस प्राण प्रतिष्ठा में अपना योगदान देना चाहते हैं,और इसलिए 22 जनवरी को सहर्ष सभी लोग घंटी,शंख बजाकर अपने घर को सजाकर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रत्येक परिवार को 22 जनवरी के बाद श्री राम लला के दर्शन करने का निमंत्रण भी अक्षत और राम लला की फ़ोटो और मंदिर की भव्य फ़ोटो के साथ देकर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया जा रहा है। नगर के सभी वार्डों में राम भक्त घर घर जाकर न्योता दे रहे हैं।

## ईस्ट-वेस्ट जोन विश्वविद्यालय एथलेटिक्स स्पर्धा में बस्तर के 2 खिलाड़ियों का चयन

**जगदलपुर।** शहिद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की पुरुष एथलेटिक्स टीम जो की नॉर्थ ईस्ट वेस्ट जोन विश्वविद्यालय स्पर्धा मे भाग लेने 26 से 29 दिसम्बर तक कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर उड़ीसा गई थी। जिसमे शहिद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के दो छात्र का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए हुआ है, जो 4 से 7 जनवरी तक तमिलनाडु फिजिकल एंड स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय मे आयोजीत प्रतियोगीता मे भाग लिए। चयनित छात्र पण्डरु राम (हाफ मैराथन 21 कि.मी.), विष्णु राम (पैदल चाल 20 कि.मी.), कोच भगत सोनी (क्रीड़ा समिति सदस्य) के नेतृत्व मे टीम भाग ली। इनके इस उपलब्धि पर शहिद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोज श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो अभिशेख वाजपेई, संचालक शाशि वी बी एल केंवट, डॉ. नवीन सिंह, उदय पांडे एवं विश्वविद्यालय संघ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



## जूडो में हेमवती ने जीता कांस्य




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोंडागांव जिले की जूडो खिलाड़ी हेमवती नाग ने राष्ट्रीय जूनियर शालेय जूडो प्रतियोगिता जालंधर पंजाब में कोच मकसुदा हुसैन के मार्गदर्शन पर खेलते हुए कांस्य पदक अर्जित कर राज्य को एवं अपने जिले को गौरवान्वित किया है। हेमवती राज्य की उदयमान जूडो खिलाड़ी है, उसने अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक अपने नाम किया है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय वूमेंस लीग में भी पदक प्राप्त कर नगद इनाम भी जीता है। हेमवती की इस उपलब्धि पर प्रदेश जूड़ो संघ के पदाधिकारी अरुण द्विवेदी, शम्भू सोनी, बस्तर जिला जुडो संघ के अध्यक्ष किरण सिंह देव, सचिव अब्दुल मोईम ने हर्ष व्यक्त किया।

## बस्तर की मेगा बजट हिन्दी फिल्म के लिए आडिशन 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में बनने जा रही मेगा बजट की फिल्म के लिए आडिशन 14 जनवरी से शुरु हो रहे है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जाने माने कलाकार एवं निर्देशक सूर्या ताम्रकर ने बताया की उनके द्वारा अब तक हल्बी बोली में सात फिल्म बनाई जा चुकी है जिसे बस्तर वासियों का अपार स्नेह मिला। इनमें से 2 फिल्में अब तक सिल्वर स्क्रीन पर टॉकिज में रिलिज हो चुकी है एवं शेष फिल्में दर्शको के बीच प्रोजेक्टर एवं यू-ट्यूब के माध्यम से प्रदर्शित की गई है।



■ स्थानीय कलाकारों को मिलेगा बॉलीवुड फिल्म में चांस

दर्शकों से मिले अपार प्रोत्साहन के बाद इस बार उन्होंने हिन्दी भाषा में पिक्चर बनाने का निर्णय लिया है। महिला सशक्तिकरण पर आधारित बॉलीवुड हिन्दी सिनेमास्कोप फिल्म के सभी कलाकार बस्तर से ही लिए जाएंगे। इसमें अभिनेता-अभिनेत्री, खलनायक, कॉमेडियन के साथ-साथ एक्शन स्टंट मैन, गायक-गायिका के लिए ऑडिशन हॉटल आकांक्षा में 14 फरवरी को लिए जाएंगे। 27 जनवरी से इस मेगा बजट के फिल्म की शुटिंग चालू हो जाएगी। अब तक सिनेमाघर में प्रदर्शित उनकी फिल्मों में 2018 की हल्बी बोली में जीवमुखी एवं 2023 की गोधन प्रमुख है। गोधन योजना पर आधारित इस फिल्म के लिए सूर्या ताम्रकर को पूर्व सीएम भूपेश बघेल से अवार्ड प्राप्त हुआ था। साथ ही 2017 में स्वच्छ भारत मिशन थीम पर आधारित फिल्म ओडिएफ आमचो गांव जो की 600 से अधिक पंचायतों में प्रदर्शित की गई थी के लिए पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह से अवार्ड प्राप्त हुआ था।

# 5 मंडियों में आवक व 11 मंडियों की आय 46.69 फीसदी कमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक (जेडी) ने संभाग के 11 मंडियों के सचिवों की समीक्षा बैठक ली। इसमें 5 मंडियों में से जगदलपुर, गीदम, कोंटा, नारायणपुर एवं बीजापुर मंडी की आवक वर्ष 2022-23 से वर्ष 2023-24 के नवंबर माह में उपज की आवक कमी रही। इसके अलावा सभी 11 मंडियों की आय 46.69 फीसदी कमी होने से मंडियों की आय प्रभावित हो रही है। सचिवों ने बताया कि प्रशासन की टीम मंडी क्षेत्र में अवैध धान की निगरानी होने के चलते मंडियों में उपजों की आवक नहीं हो रही है। वहीं सभी उपमंडियों में साप्ताहिक बाजारों में छोटे संग्राहक उपज लेकर पहुंच रहे हैं।

■ टीम अवैध धान की कर रही निगरानी से मंडी में नहीं पहुंच रही उपज

### जांच कर अवैध धान को जब्त करें

कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने संभाग के सभी मंडियों में कलेक्टर के निर्देश पर गठित की गई टीमें जांच कर अवैध धान को जब्त कर कार्रवाई करें।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बकावंड विकासखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के सभागार में मंगलवार को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विकासखंड शाखा बकावंड का नव वर्ष मिलन तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, सहसंयोजक अजय श्रीवास्तव तथा जिला सचिव अनिल गुप्ता रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की एकता के लिए सभी कर्मचारियों को एकजुट रहने का आह्वान किया तथा यह भी कहा कि विकासखंड स्तर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सम्मान समारोह अनिवार्य रूप से आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए। नई सरकार से कर्मचारियों को काफी अपेक्षाएं भी हैं। यदि कर्मचारियों की जायज मांगे पूरी नहीं होती तो कर्मचारियों को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

कार्यक्रम में मोतीलाल सोरी, अनंत राम कश्यप, गजेंद्र दिल्लीवार, सिदार, कृष्ण कुमार वर्मा, पंकज सेठिया, डेंसनाथ पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी मिश्रा, संजय चौहान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों का विशिष्ट महत्व : मनीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सरस्वती ग्राम शिक्षण संस्थान जगदलपुर, बस्तर के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर जैतगिरी बकावंड में आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्या कु दिगेश्वरी वैष्णव ने बताया कि इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव में बस्तर जिला के अंतर्गत ग्राम भारती के 16 विद्यालय के 400 से अधिक भैया एवं बहनें पहुंचे हैं।

■ 16 विद्यालय के 400 से अधिक भैया एवं बहनें पहुंचे खेल स्पर्धा में

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत बस्तर के उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी विशिष्ट महत्व है, आज खेल के माध्यम से हमारे बच्चे कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं,बड़े बुजुर्ग कहा करते थे कि पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब किंतु अभी खेलोगे कूदोगे बनोगे महान की कहावत चरितार्थ होती है। मंच में उपस्थित ग्राम भारती के संस्थान प्रतिनिधि हेमंत पांडे ने बताया कि आज देश भर में सरस्वती शिशु मंदिर बच्चों के जीवन में शिक्षा के साथ साथ खेलकूद सांस्कृतिक, प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न संस्कारों एवं राष्ट्रहित समाजहित की भावना जागृत करने वाला एकमात्र संस्थान है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्नेहलता बैस,जनपद सदस्य खिजेश्वरी बघेल, संस्थान के सभी पदाधिकारी, स्थानीय विद्यालय समिति एवं सभी बच्चों के पालक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।





